Mini me.next ...भविष्य की उड़ान
सोमवार . मंगलवार . गुरुवार . शुक्रवार

जेईई (एडवांस्ड) 2018

## आईआईटी कानपुर करेगा आयोजन



**इंडियन** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) - कानपुर 2018 में होने वाले जॉइंट इंजिनियरिंग एग्जामिनेशन (जेईई) एडवांस्ड 2018 का आयोजन करेगा। परीक्षा 20 मई 2018 को आयोजित होगी। यह परीक्षा ऑनलाइन होगी या कंप्यूटर आधारित टैस्ट, इस बारे में फैसला अभी लिया जाना बाकी है। हाल ही जेएबी की खास मीटिंग आईआईटी कानपुर में हुई जिसमें कई जोनल और नॉन-जोनल आईआईटी के निदेशकों ने शिरकत की। जेईई (एडवांस्ड) का आयोजन हर साल रोटेशन के आधार पर किसी जोनल आईआईटी द्वारा किया जाता है जबकि जेईई (मेंस) का आयोजन सीबीएसई करता है। उम्मीद है कि जेईई मेंस का आयोजन अप्रैल के पहले पखवाड़े में होगा। इसके रिजल्ट को अप्रैल 2018 के अंत तक आने की उम्मीद है। गौरतलब है कि जेईई में सफल उम्मीदवार ही जेईई (एडवांस्ड) के लिए ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे।

मिशन एडमिशन

## आईआईटी गांधीनगर से करें पीएचडी

**इंडियन** इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) गांधीनगर ने पीएचडी प्रोग्राम (बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, केमिस्ट्री, सिविल इंजीनियरिंग, कॉग्निटिव साइंस, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, अर्थ साइंस, फिजिक्स, मैटेरियल साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स) में एडमिशन के लिए आवेदन मांगे हैं। अप्लाई करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन देखें।

**आवेदन की तिथि:** 05 अक्टूबर, 2017
**योग्यता :** न्यूनतम 55 फीसदी अंकों या 5.5 सीपीआई अंकों में एमए/एमएससी/बीटेक/एमटेक या सम्बंधित ब्रांच में समकक्ष डिग्री न्यूनतम योग्यता है।
**चयन :** लिखित परीक्षा, अकादमिक डॉक्यूमेंट व साक्षात्कार के आधार पर होगा।
**अधिक जानकारी के लिए देखें:** https://www.iitgn.ac.in/phd.htm

स्कॉलरशिप अलर्ट

## नेशनल स्कॉलरशिप एग्जाम (एनएसई) 2017

ऐसे विद्यार्थी जो किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 5वीं से 12वीं के छात्र हैं या किसी विश्वविद्यालय से डिग्री या डिप्लोमा कर रहे हैं और आगे की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता चाहते हैं तो वे इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय विद्यार्थी को 350 रुपए बतौर रजिस्ट्रेशन फीस जमा कराने होंगे। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करें। या ऑफलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। पते और सम्बंधित जानकारी के लिए नोटिफिकेशन देखें।

**आवेदन की तिथि:** 30 सितंबर, 2017
**योग्यता :** 5वीं-12वीं की कक्षा या किसी विषय में डिग्री या डिप्लोमा कर रहे विद्यार्थी अप्लाई कर सकते हैं।
**छात्रवृत्ति :** प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा के अनुसार नकद राशि और सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।
**अधिक जानकारी के लिए देखें:** http://www.niceedu.org/scholarship.html

नौकरियों के अवसर

## तमिलनाडु एमआरबी में 744 पदों पर भर्ती

तमिलनाडु मेडिकल सर्विस रिक्रूटमेंट बोर्ड ने असिस्टेंट सर्जन के 744 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 750 और आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट को 350 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। आरक्षित वर्ग के कैंडिडेट को नियमानुसार उम्र में छूट दी जाएगी। सैलरी की जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाकर नोटिफिकेशन देखें।

**आवेदन की तिथि:** 10 अक्टूबर, 2017
**योग्यता :** एमबीबीएस के साथ पीजी डिग्री या सुपर स्पेशिलिटी डिग्री या सम्बंधित फील्ड में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री।
**चयन :** मेरिट और इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर कैंडिडेट का चयन किया जाएगा।
**अधिक जानकारी के लिए देखें:** http://www.mrb.tn.gov.in/pdf/2017/11_MRB_Asst_Surgeon_Speciality_2017_Notification_20092017.pdf

## डेट रिमाइंडर

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जीनोमिक्स, पश्चिम बंगाल
  पद : प्रोजेक्ट मैनेजर, डेटाबेस मैनेजर, एडमिनिस्ट्रेटिव कॉर्डिनेटर आदि पद (07 पद) आवेदन की अंतिम तिथि : 15 अक्टूबर, 2017
- ओडिशा सबऑर्डिनेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन
  पद : इंस्पेक्टर ऑफ सप्लाई (74 पद)
  अंतिम तिथि : 17 अक्टूबर
- इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी, पंजाब (03 पद)
  पद : साइंटिस्ट (एफ व ई)
  आवेदन की अंतिम तिथि : 10 अक्टूबर, 2017
- नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर, हरियाणा
  पद : रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर
  वॉक इन इंटरव्यू की तिथि: 10 अक्टूबर, 2017
- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
  पद : कॉन्स्टेबल (पुरुष ट्रेड्समैन) (1,074 पद)
  आवेदन की अंतिम तिथि : 11 अक्टूबर, 2017
- डीआरडीओ, नई दिल्ली
  पद : सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ग्रेड-I व II और सीनियर अकाउंट्स ऑफिसर ग्रेड-I व II व अन्य पद(25)
  आवेदन की अंतिम तिथि: 09 नवंबर, 2017
- एनएचआईडीसीएल
  पद : मैनेजर और ऑफिस असिस्टेंट (32 पद)
  अंतिम तिथि : 03 अक्टूबर

रीडर्स कनेक्ट ईमेल से बताएं इस कॉलम से जुड़े सवाल और अपनी राय
ईमेल : sundayspecial.team@in.patrika.com
मिनी मी नेक्स्ट लिखकर अपने सुझाव भेजें

## खूबसूरत नजारा... माही बजाज सागर बांध लबालब



**बांसवाड़ा.** उदयपुर संभाग का सबसे बड़ा माही बजाज सागर बांध पूरा लबालब हो चुका है और इसके बैकवाटर क्षेत्र में एक किमी लम्बे गेमनपुल के स्तंभ पानी में पूरी तरह डूब जाने के बाद इस पुल का सफर किसी रोमांच से कम नहीं लगता। दूर-दूर तक जहां नजर डालो तो पानी के सिवाय कुछ दिखाई नहीं दिखाई देता। ऐसे में वाहन हो या पैदल पुल पर चलते हुए व्यक्ति एकबारगी इस अहसास में खो जाता है जैसे वह किसी सड़क पर नहीं पानी के ऊपर चल रहा हो। फोटो - संजय सिंह कुशवाह।

25 से 30 फीट ऊंचाई के होंगे नए ओपी टावर

# मजबूत होगी देश की पश्चिमी सीमा की सुरक्षा



### जम्मू से राजस्थान तक बनेंगे

नए ओपी टावर जी+1 एवं जी+2 के होंगे। ये देश की पूरी पश्चिमी सीमा यानि राजस्थान, गुजरात, पंजाब सहित जम्मू में बनाए जाएंगे। जोधपुर फ्रंटियर मुख्यालय के अंतर्गत सीमा में करीब 150 टावर और बनेंगे। फिलहाल जोधपुर फ्रंटियर मुख्यालय के पास करीब 100 टावर हैं। इनमें टॉयलेट के लिए भी सुविधा होगी। राजस्थान की पश्चिमी सीमा जैसलमेर-बाड़मेर, बीकानेर में तेज धूप और धूल भरी आंधियां अधिक चलती हैं। ऐसे में ये टावर सैनिकों का तेज धूप, आंधी सहित बारिश से बचाव करेंगे।

### तीन से चार किमी की रेंज में दुश्मन की गतिविधियों का पता लग सकेगा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**जोधपुर.** सुरक्षा के लिहाज से देश की पश्चिमी सीमा और अधिक मजबूत होगी। आतंकियों की घुसपैठ रोकने और सीमा की चौकसी को और मजबूत बनाने के लिए भारत सरकार पश्चिमी सीमा पर करीब 700 नए ऑब्जर्वेशन पोस्ट (ओपी) टावर बनाने जा रही है। ये टावर 25 से 30 फीट ऊंचाई के होंगे। जहां से सैनिक अत्याधुनिक दूरबीन की सहायता से करीब 3 से 4 किलोमीटर की दूरी पर निगरानी रख सकेंगे। तेज धूप, बारिश, आंधी सहित सभी मौसम और विपरीत परिस्थितियों में सैनिकों को इन टावरों से चौकसी में आसानी होगी। वर्तमान में भी पश्चिमी सीमा पर करीब 250 टावर बने हुए हैं, लेकिन इनकी संख्या कम है। ऊंचाई भी अधिक नहीं है। नए 700 टावर बनने से सीमा की सुरक्षा और मजबूत हो जाएगी।

> जोधपुर फ्रंटियर मुख्यालय के अंतर्गत करीब 150 नए टावर बनाए जाने हैं। इनसे तेज धूप, आंधी, बारिश में सैनिकों का बचाव हो सकेगा। निश्चित रूप से इनसे देश की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी।
>
> **रवि गांधी,** डीआईजी, बीएसएफ, जोधपुर फ्रंटियर मुख्यालय

## 100 साल में पहली बार पद्मावती महापूजन

**बांसवाड़ा @ पत्रिका.** जिले के 100 वर्ष के इतिहास में पहली बार रविवार को नई आबादी स्थित दादाबाड़ी में राजराजेश्वरी पार्श्वनाथ पद्मावती महापूजन का आयोजन चातुर्मासरत मुनि पीयूषचन्द्र विजय एवं प्रतियश विजय के सानिध्य में हुई। श्रीश्रीमाल सेठिया जैन श्वेताम्बर त्रिस्तुतिक श्रीसंघ एवं चातुर्मास समिति के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में समाज के 108 जोड़ों ने अनवरत चार घंटे तक मंत्रोच्चार के साथ संगीतमय महापूजन की। सुबह 8 से 10 बजे तक नवकारसी का आयोजन हुआ। इसके बाद महापूजन प्रारम्भ हुई। इस दौरान पाण्डाल में महिलाएं एवं पुरुष परिवारजनों ने मुनि पीयूषविजय के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ पद्मावती देवी की प्रतिमा का पूजन की।

## व्हील चेयर पर माही...



**जोधपुर.** साहेब, बीवी और गैंगस्टर पार्ट-3 की शूटिंग के लिए कलाकार डेस्टिनेशन पहुंचने लगे हैं। फिल्म की लीड एक्ट्रेस माही गिल रविवार को जोधपुर पहुंची। माही गिल को अस्वस्थ होने के कारण व्हील चेयर पर बाहर लाया गया। यहां से वे सड़क मार्ग से बीकानेर के लिए रवाना हो गईं। फिल्म के अन्य कलाकार जाकिर हुसैन, कबीर बेदी, जिमी शेरगिल, दीपक तिजोरी पहले ही बीकानेर पहुंच चुके हैं।

प्रदेश में पहली बार जयपुर में होगा ऐसा...

# सड़क की सुन्दरता से जुड़ा हर काम होगा अब एकसाथ

### काम का गणित

- **5** करोड़ रुपए कुल लागत मानी जा रही
- **3** वर्ष तक करना होगा पेचवर्क व क्रेक सड़क का रखरखाव
- **4** से 5 हजार रुपए प्रति किलोमीटर का आंकलन
- **2** माह में शुरू होगी व्यवस्था

### पहले बनाना, फिर तोड़ना : कब रुकेगा यह सिलसिला



जनता के खजाने से पैसा खर्च कर पहले फुटपाथ बनाया, फिर लाइन डालने के लिए नए फुटपाथ को ही उधेड़ डाला। शहर में रह-रहकर कई जगह ऐसी बर्बादी देखी जाती है। तस्वीर दिल्ली रोड गलता गेट की है।

### स्वीपिंग, गड्ढे ठीक करने से लेकर पोस्टर-बैनर हटाने के काम होंगे एकसाथ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**जयपुर.** शहर की सड़कों पर पहली बार रोड स्वीपिंग (जीआईएस बेस), पेचवर्क, पोस्टर-बैनर हटाने और फुटपाथ साफ करने का काम एक साथ होगा। यानी सड़क को हर तरह से साफ-सुथरी रखने और सुधार करने पर फोकस करते हुए काम किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने कॉम्प्रेहेन्सिव रोड मेंटीनेंस प्लान तैयार किया है। इसमें सभी काम एक ही कंपनी से कराए जाएंगे।

प्रदेश में इस तरह का काम पहली बार होगा। पहले चरण में चारदीवारी को चिह्नित कर वहां की मुख्य सड़कों को शामिल किया गया है। इसमें 4 से 5 हजार रुपए प्रति किलोमीटर खर्च का आंकलन किया गया है। निगम अधिकारियों के मुताबिक स्वच्छता में जयपुर का ग्राफ ऊपर ले जाने के लिए यह प्लानिंग की गई है।

### चहेतों को फायदा!

काम वही कंपनी ले सकेगी, जिसके पास तीनों काम एकसाथ करने के संसाधन हों। ऐसे में बड़ी कंपनियों को ही मौका मिल सकेगा। इससे पहले रोड स्वीपिंग के टेंडर में एक कंपनी आई लेकिन उसे काम नहीं दिया गया, बल्कि दोबारा टेंडर कर नए काम और शर्त जोड़ दी गई। ऐसे में चहेती कंपनी को ही काम देने की मंशा नजर आ रही है। पहले अजमेरी गेट से कनक वृंदावन (सांगानेरी गेट, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, जलमहल, मावठा होते हुए आमेर चौक) का रूट शामिल था। बाद में इसे कॉम्प्रेहेंसिव बना दिया गया।

### अभी तक टुकड़ों में कमान

**रोड** स्वीपिंग, बदहाल सड़कों पर पेचवर्क, पोस्टर-बैनर हटाने, फुटपाथ को साफ करने का काम अभी अलग-अलग एजेंसी के हाथ में है। इसमें फुटपाथ की सफाई पर तो ध्यान ही नहीं दिया जा रहा।

**पोस्टर-बैनर** हटाने काम भी निगम की टीम के ही भरोसे है। इस टीम का फोकस सिर्फ वीआईपी रोड पर रहता आया है। इनमें टोंक रोड, जेएलएन मार्ग, भवानी सिंह रोड, सिविल लाइन्स शामिल है। बाकी इलाकों में शिकायत होने या अफसरों का दौरा होने पर ही कर्मचारी सक्रिय होते आए हैं। इससे मुख्य सड़कें भी बदरंग नजर आ रही हैं।

**पेचवर्क** का काम भी इंजीनियरिंग शाखा के हाथ में। यह जोनवार बांटा जाता रहा है। इसमें एक बार पेचवर्क करेन के बाद ठेकेदार उस सड़क की तरफ देखता तक नहीं है।

**मैकेनाइज्ड** तरीके से रोड स्वीपिंग का काम चुनिंदा रूट पर ही चल रहा है। इनमें मुख्य तौर पर जेएलएन मार्ग, टोंक रोड, जनपथ विधानसभा के आसपास, सी-स्कीम, पृथ्वीराज रोड शामिल है।

## 'समाज रत्न' से सम्मानित







**जयपुर.** अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज की ओर से सिद्धपीठ बैनाड़ा धाम बस्सी में 24 सितंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह, चिकित्सा शिविर व गोठ का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान पत्रिका के मनोज शर्मा, जगमोहन शर्मा और सीताराम शर्मा को 'समाज रत्न' पुरस्कार दिया गया। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बिरदीचंद शर्मा व राष्ट्रीय संयोजक घनश्याम बोहरा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कॉलेज, व तकनीकी परीक्षाओं में 75 फीसदी व अधिक अंक लाने वाली राजकीय सेवाओं में चयनित युवाओं व वृद्धजनों का सम्मान भी किया गया।

## पेंशन की स्वीकृति भी ऑनलाइन

**सीकर @ पत्रिका.** वृद्धा, विकलांग व एकल नारी सम्मान पेंशन की स्वीकृति भी अब ऑनलाइन ही जारी की जाएगी। इसके लिए पात्र व्यक्ति ऑनलाइन ही आवेदन कर सकेगा। मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने के बजाय वह किसी भी नजदीकी ईमित्र कियोस्क व अटल सेवा केंद्र पर आवेदन जमा करा सकता है।

आवेदन प्राप्ति के अधिकतम 30 दिनों में संबंधित अधिकारी को इसका सत्यापन करना अनिवार्य होगा। प्रदेश में शुरू की इस नई प्रक्रिया की मॉनीटरिंग समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग को सौंपी गई है। विभाग के सहायक निदेशक ओमप्रकाश राड़ ने बताया कि ऑफलाइन के बजाय पेंशन स्वीकृति व आवेदन प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया गया है।

